सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-453
23/10/2016

मुख्यमंत्री ने प्रखर समाजवादी नेता एवं पूर्व विधायक स्व0 रामएकबाल बरसी के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया

पटना, 23 अक्टूबर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज तरारी प्रखण्ड के ग्राम–बरसी पहुँच कर स्व0 रामएकबाल बरसी जी के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने बरसी ग्राम में स्व0 बरसी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि स्व0 रामएकबाल बरसी सच्चे अर्थों में समाजवादी नेता थे। उन्होंने कहा कि पीरो के गॉधी उपनाम से चर्चित स्व0 बरसी के आदर्शों एवं इनकी सोच को समाज में अनुसरण करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने ग्राम बरसी में मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि स्व0 बरसी हमेशा प्रेरणा के स्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्व0 बरसी की स्मृति में उनकी आदमकद प्रतिमा लगायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने स्व0 बरसी के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं।

इस अवसर पर कई विधायकगण, पूर्व सांसद, अन्य जन प्रतिनिधिगण, डी0आई0जी0 शाहाबाद प्रक्षेत्र मो0 रहमान, आरा के जिलाधिकारी डॉ0 विरेन्द्र प्रसाद यादव, पुलिस अधीक्षक क्षत्रनील सिंह सहित अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

****